प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 मंगलवार** **दिनांक 05.05.2026**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**मुख्य समाचारः–**

1–सुशासन तिहार के तहत मुख्यमंत्री ने आज वनांचल ग्राम कमारखोल में लगाई चौपाल–ग्रामीणों से किया संवाद।

2–ऑपरेशन तलाश के तहत छत्तीसगढ़ पुलिस ने बीत एक महीने में चार हजार से अधिक गुमशुदा लोगों को खोज निकाला।

3–पद्मश्री फुलबासन बाई यादव के अपहरण की कोशिश के मामले में राजनांदगांव पुलिस ने तीन लोगों को किया गिरफ्तार।

4–प्रदेश के कई हिस्सों में मौसम ने बदली करवट–राजधानी रायपुर में तेज हवाओं और गरज–चमक के साथ हो रही है बारिश।

**अब समाचार विस्तार से .....**

**<u>सुशासन तिहार</u>**

सुशासन तिहार के तहत आज मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का कबीरधाम जिले के प्रवास का दूसरा दिन रहा। उन्होंने पंडरिया स्थित लोखान पंचायत के बैगा बहुल कमारखोल गांव में चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। साथ ही पीएम जन–मन योजना के तहत हुए कार्यों का निरीक्षण भी किया। ग्रामीणों की मांग पर मुख्यमंत्री ने कमारखोल में सामुदायिक भवन, कमारखोल में देवसरा तक छह किलोमीटर सड़क निर्माण, मुक्तिधाम शेड और महतारी सदन बनाने की घोषणा की।
मीडिया से चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सुशासन तिहार के दौरान प्रदेश की जनता का अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है।

सुशासन तिहार के तहत धमतरी जिले के कुकरेल गांव में भी समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में प्राप्त तीन सौ चौदह में से दो सौ पचास से अधिक आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया।

**<u>राज्यपाल–कोंडागांव</u>**

राज्यपाल रमेन डेका ने आज कोंडागांव में जिला और विकासखंड स्तरीय अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने जल और पर्यावरण संरक्षण पर विशेष जोर दिया। साथ ही अधिकारियों को आम लोगों की समस्याओं का गंभीरता से समाधान करने के निर्देश दिए। बैठक में राज्यपाल ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बनने वाले मकानों में रेन वॉटर हार्वेस्टिंग संरचना को शामिल करने को कहा। उन्होंने कहा कि जिले के विशेष पिछड़ी जनजाति तक प्रधानमंत्री जन–मन योजना के माध्यम से शासन की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ पहुंचाया जाए। बैठक में राज्यपाल ने बालिकाओं और महिलाओं के स्वास्थ्य पर जोर देते हुए आठ मई को शिविर आयोजित कर स्तन कैंसर की स्क्रीनिंग के निर्देश दिए।

अपने कोंडागांव प्रवास के दौरान राज्यपाल ने जिला कार्यालय परिसर में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत आम का पौधा लगाया।

## पुलिस–ऑपरेशन तलाश

छत्तीसगढ़ पुलिस ने गुमशुदा व्यक्तियों का पता लगाने के लिए एक से तीस अप्रैल तक "ऑपरेशन तलाश" चलाया। इस अभियान के तहत पुलिस ने चार हजार से अधिक गुमशुदा व्यक्तियों को खोज निकाला है। इनमें पांच सौ पैंतालीस बच्चे भी शामिल हैं। ऑपरेशन तलाश के दौरान विशेष रूप से गठित पुलिस टीमों द्वारा संभावित स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत

एक सौ बयासी गुमशुदा व्यक्तियों को महाराष्ट्र, उत्तरप्रदेश, तेलंगाना, बिहार, मध्यप्रदेश, गुजरात, राजस्थान, झारखंड, तमिलनाडु और हिमाचल प्रदेश से खोजकर वापस लाया गया। वहीं, दुर्ग, बिलासपुर और रायपुर से पंद्रह सौ से अधिक गुमशुदा व्यक्तियों का पता लगाया गया है।

## इनोवेशन महाकुंभ

जगदलपुर स्थित शहीद महेंद्र कर्मा विष्वविद्यालय में आयोजित दो दिवसीय इनोवेषन महाकुंभ का आज शाम समापन होगा। इस कार्यक्रम के दूसरे दिन आज प्रदेश के वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बस्तर क्षेत्र के समग्र विकास के लिए केंद्र और राज्य सरकार लगातार प्रयास कर रही है।

## केंद्रीय अतिरिक्त सचिव–दौरा

केन्द्रीय अतिरिक्त सचिव और जल जीवन मिषन के संचालक कमल किषोर सोन ने सुकमा और दंतेवाड़ा जिले का दौरा कर जल जीवन मिषन के कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने सुकमा जिले के डोडपाल और फायदागुड़ा तथा दंतेवाड़ा जिले के भूसारास पहुंचकर हर घर नल से जल की आपूर्ति देखी। उन्होंने ग्रामीणों से बातचीत कर पेयजल की गुणवत्ता की जानकारी भी ली।

इससे पहले, श्री सोन ने सुकमा में वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के जरिए प्रदेष के सभी जिलों के कलेक्टरों की बैठक लेकर जल जीवन मिषन के कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि गांवों और दूरस्थ अंचलों में हर घर स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल पहुंचाना जल जीवन मिषन का प्राथमिक लक्ष्य है।

## सी.एस.एम.सी.एल.–घोटाला

छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कॉर्पोरेषन लिमिटेड यानी सी.एस.एम.सी.एल. ओवरटाइम घोटाले में आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो–ईओडब्ल्यू ने कार्रवाई की है। इस मामले में मैनपावर एजेंसियों के सात संचालकों और प्रतिनिधियों को गिरफ्तार किया गया है। जांच एजेंसी ने आरोपियों को विषेष अदालत में पेष किया, जहां से सात दिनों की रिमांड मंजूर की गई है। आरोप है कि ओवरटाइम भुगतान में अनियमितता कर सरकारी राषि का दुरुपयोग किया गया। जांच एजेंसी अब आरोपियों से पूछताछ कर मामले से जुड़े अन्य तथ्यों और लोगों की जानकारी जुटा रही है।

## फुलबासन बाई–अपहरण

पद्मश्री फुलबासन बाई यादव के अपहरण की कोशिश के मामले में राजनांदगांव पुलिस ने दो महिलाओं सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार आज सुबह लगभग दस बजे बेमेतरा की खुशबू साहू नामक महिला और उसके दो साथियों ने फूलबासन बाई को किसी बहाने से घर के बाहर बुलाकर कार में बिठा लिया। इसके बाद उन्होंने फूलबासन बाई को जबरदस्ती अपने साथ ले जाने की कोशिश की। बताया जाता है कि कार में सवार ये लोग जैसे ही खैरागढ़ मार्ग पर चिखली पुलिस चौकी के सामने पहुंचे, वहां पहले से वाहनों की जांच कर रही पुलिस की टीम ने कार को रुकवाया। इसी दौरान पुलिस ने फूलबासन बाई को पहचान

लिया और संदेह होने पर आरोपियों को हिरासत में ले लिया। सुकुल दैहान पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

## जंगली सूअर–हमला

राजनांदगांव जिले के हालेकोसा गांव में तेंदूपत्ता तोड़ने गए ग्रामीणों पर जंगली सूअर ने हमला कर दिया। इस घटना में आठ लोग घायल हो गए हैं, जिनमें से एक महिला की हालत गंभीर बताई जा रही है। बेहतर उपचार के लिए घायलों को मेडिकल कालेज अस्पताल सहित छुरिया और पाथरी के स्वास्थ्य केंद्रों में भर्ती कराया गया है। घटना की सूचना मिलते ही वन मंडलाधिकारी आयुष जैन अस्पताल पहुंचे और घायलों का हालचाल जाना। वन विभाग ने लोगों से जंगल में जाते समय सावधानी बरतने की अपील की है।

## सक्ती–फर्जी बैंक शाखा

सक्ती जिले के छपोरा गांव में भारतीय स्टेट बैंक–एसबीआई की फर्जी शाखा खोलकर धोखाधड़ी के मामले में मालखरौदा पुलिस ने एक अन्य आरोपी को गिरफ्तार किया है। इस मामले में पहले ही कथित बैंक मैनेजर सहित छह लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है। आरोपियों ने बैंक में नौकरी लगाने के नाम पर साक्षात्कार लेकर छह लोगों को फर्जी नियुक्ति प्रमाण पत्र दिया था। इस दौरान उनसे तीस–तीस हजार रूपये भी लिए थे।

## ट्रेन परिचालन

रायपुर रेलमंडल के निपनिया–भाटापारा सेक्षन में रोड अंडरब्रिज निर्माण के तहत रिलिविंग गर्डर लॉन्चिग कार्य के कारण निरस्त या आंषिक रूप से प्रभावित यात्री ट्रेनों को रिस्टोर कर दिया है। इसके अनुसार अब छह मई को रायपुर से बिलासपुर और बिलासपुर से गेवरा रोड के बीच चलने वाली दोनों ओर की मेमू अपने निर्धारित समय अनुसार चलेगी। इसी तरह, गोंदिया से झारसुगुड़ा मेमू भी पहले के अनुसार ही चलाई जाएगी।

## धमतरी–ग्रामीण चक्काजाम

धमतरी में रेत के अवैध परिवहन और अनियमितताओं को लेकर अछोटा गांव के ग्रामीणों ने आज नगरी–धमतरी मार्ग पर चक्काजाम कर प्रदर्शन किया। इसके चलते इस मार्ग पर वाहनों की आवाजाही प्रभावित रही। चक्काजाम की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों से चर्चा करते हुए उन्हें आश्वासन दिया कि दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इसके बाद ग्रामीणों ने चक्काजाम समाप्त किया।

## संक्षिप्त समाचार
## और अब कुछ समाचार संक्षेप में ...

–वन मंत्री केदार कश्यप ने आज कोंडागांव जिले में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत अड़तीस करोड़ रूपये से अधिक की लागत से बनने वाले विभिन्न सड़क निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया।

–अंबिकापुर के पीजी कॉलेज ऑडिटोरियम में आज जिला स्तरीय श्रमिक सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद चिंतामणि महाराज शामिल हुए।

–पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण द्वारा कल छह मई को रायपुर में संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। 'बीज एनपीएस का, फसल पेंशन की' थीम पर आयोजित होने जा रहे इस संगोष्ठी का उद्देश्य किसानों को सेवानिवृत्ति के बाद वित्तीय स्वतंत्रता प्रदान करना है।

–कृषि यंत्रों और सिंचाई पंपों पर अनुदान के लिए किसान ''चेम्प्स'' पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन की प्रक्रिया सात मई से शुरू होगी।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>